देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 268 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
आर्टिफिशल इंटेलिजेंस



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 4 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 9.0° | 40675.45 | 2 क्रिसमस गिफ्ट में क्या चाहिए | 7 एक डे-नाइट टेस्ट चाहते हैं गांगुली

# एलओसी पर पाक की ओर से भारी गोलाबारी

## 2 स्थानीय नागरिकों की मौत, कई घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू–कश्मीर से सटी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से बीते 24 घंटे से रुक–रुककर भारी गोलाबारी की जा रही है। सोमवार से ही पाकिस्तानी सेना के जवान रुक–रुककर पुंछ जिले में एलओसी से सटे तमाम हिस्सों में रिहाइशी इलाकों और सेना की पोस्टों पर गोलाबारी कर रहे हैं। रिहाइशी इलाकों में फायरिंग के कारण 2 स्थानीय नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

इसके अलावा 6 से अधिक लोग गोलाबारी की घटनाओं में घायल हुए हैं।

### एलओसी और सीमा पर तनाव के हालात

पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण नियंत्रण रेखा से सटे तमाम हिस्सों में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। भारतीय सेना ने रिहाइशी इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से सटे हिस्सों में जवानों को एहतियात बरतने और सीमापार से हो रही हर हरकत का माकूल जवाब देने का आदेश दिया गया है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया पाकिस्तान ने मंगलवार को दोपहर करीब 2.30 बजे पुंछ से सटे दो सेक्टरों में गोलाबारी की। पाकिस्तानी जवानों ने पुंछ के शाहपुर और केरनी सेक्टरों में 182 एमएम के मॉर्टार दागे, जिसके कारण यहां कई मकानों को भी नुकसान हुआ।

**6 से अधिक लोग घायल, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती:** पाकिस्तानी गोलाबारी के कारण सीमांत इलाकों में रहने वाले दो ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके अलावा कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। गोलाबारी के कारण घायल हुए लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है।

# चीनी जहाज ने भारतीय क्षेत्र में किया था प्रवेश, हमने वापस भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना प्रमुख ने सितंबर में देश की समुद्री सीमा में घुस आए चीनी पोतों को खदेड़ा था। चीन की पीपल्स लिब्रेशन आर्मी के ये पोत अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पास अंडमान सी में भारत के इकनॉमिक जोन तक घुस आए थे। नौसेना ने मंगलवार को इस बात का खुलासा किया।

नौसेना प्रमुख ऐडमिरल करमबीर सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन के जहाज शी यान 1 को बिना अनुमति भारतीय क्षेत्र में प्रवेश के कारण वापस लौटाया गया था। उन्होंनों इंडियन नेवी की ऐंटी पायरेसी मिशन की सफलता के बारे में भी बताया। सिंह ने कहा कि इस मिशन में 120 समुद्री लुटेरों को पकड़ा गया और पाइरेसी के 44 केस सामने आए।

चीन के जहाज शी यान 1 को भारत द्वारा वापस लौटाने के सवाल का भी नौसेना प्रमुख ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, श्शी यान 1 को भारतीय क्षेत्र में आनेवाले पानी से वापस लौटाया गया है। हमारा स्टैंड इस मुद्दे पर साफ है कि अगर कोई भी देश का जहाज हमारे अधिकार क्षेत्रवाले इकनॉमिक जोन में आता है, तो उसे पूर्व में अनुमति लेनी होगी।

### घुसपैठ

कुछ साल से डिफेंस बजट में से नौसेना का हिस्सा लगातार कम हो रहा है: नेवी चीफ

**अरब सागर में चीन और पाकिस्तान बढ़ा रहे सक्रियता:** भारतीय नौसेना प्रमुख ने लगातार नेवी बजट कम होने पर चिंता जताई। पिछले कुछ वर्षों में डिफेंस बजट में नौसेना का हिस्सा लगातार कम हुआ है। 2012 में यह 18 प्रतिशत था जो 2018 में कम होकर सिर्फ 12 प्रतिशत रह गया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में चीन अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहा है। भारतीय नौसेना ऐसे हर कदम पर बारीकी से नजर रखे हुए है। नेवी चीफ ऐडमिरल करमबीर सिंह ने कहा, चीन और पाकिस्तान का उत्तरी अरब सागर में नौसेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास प्रस्तावित है। हम इस पर नजर बनाए हुए हैं।

### भूल सुधार

पेज थ्री समाचार पत्र के दिनांक 26.11.2019 से लेकर 3.12.2019 के अंक में प्रथम पृष्ठ पर टंकन त्रुटि के कारण वर्ष 14 के स्थान पर 15 प्रकाशित हो गया है व अंक 261 से 267 तक के स्थान पर अंक 1 से 7 प्रकाशित हो गया है। जिसका हमें अत्यन्त खेद है। कृपया 26.11.2019 से लेकर 3.12.2019 तक क्रमश इसे वर्ष 14 और अंक 261 से 267 ही पढ़ा जाए।
—सम्पादक

# राज्यसभा में एसपीजी बिल पास

## कांग्रेस सदस्यों ने विरोध में सदन से वॉकआउट किया, शाह ने दिया कांग्रेस के आरोपों का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा के बाद राज्यसभा ने भी एसपीजी अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दे दी है। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के आरोपों और आशंकाओं का चुन–चुनकर जवाब दिया और पूछा कि एसपीजी सुरक्षा की ही जिद क्यों। उन्होंने कहा कि एसपीजी का इस्तेमाल स्टेटस सिंबल के लिए नहीं हो सकता। शाह ने कहा कि गांधी परिवार की सुरक्षा हटाई नहीं गई है बल्कि बदली गई है।

इस दौरान उन्होंने केरल में बीजेपी और आरएसएस कार्यकर्ताओं की राजनीतिक हत्या को लेकर लेफ्ट पर भी तगड़ा हमला बोला। कांग्रेस सदस्यों के वॉकआउट के बीच मंगलवार को यह बिल राज्यसभा में भी पास हो गया।



### बिल गांधी परिवार को ध्यान में रखकर लाने का आरोप गलत

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बिल पढ़ने के बाद भी सदस्यों में कुछ भ्रांति है, जनता में भी है, मीडिया में भी है। कुछ लोग कह रहे हैं कि इस बिल को एक परिवार को ध्यान में रखकर लाया गया है। गांधी परिवार के 3 सदस्यों को ध्यान में रखकर लाया गया है। ऐसा नहीं है। इस बिल और गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा के बीच कोई संबंध नहीं है।

### सुरक्षा में सेंध पर एक्शन, 3 नपे

शाह ने कहा कि प्रियंका के घर जो सुरक्षा है, इसमें राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा सुरक्षा जांच के बिना अंदर आते हैं। प्रियंका के घर पर परिवार के लोगों की जांच नहीं होती। सुरक्षाकर्मियों के पास एक सूचना आई कि राहुल गांधी एक काली सफारी में आने वाले हैं। ठीक उसी समय एक काली सफारी गाड़ी में मेरठ की कांग्रेस नेता शारदा त्यागी मौजूद थीं। यह महज इत्तेफाक था। इसलिए शारदा त्यागी बिना सिक्यॉरिटी जांच के अंदर चली गईं। इसके बावजूद हमने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है और मामले में संबंधित 3 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

**सुरक्षा स्टेट्स सिंबल नहीं, एसपीजी की ही जिद क्यों?**
अमित शाह ने कहा, सुरक्षा कभी स्टेटस सिंबल नहीं हो सकता है। एसपीजी ही क्यों? हो सकता है कि देश के प्रधानमंत्री से ज्यादा किसी आम आदमी को खतरा हो। राम मंदिर आंदोलन के वक्त अशोक सिंघल को तत्कालीन पीएम से भी ज्यादा खतरा था लेकिन उन्हें एसपीजी नहीं मिली। एसपीजी पीएम के लिए बनी है। उन्होंने आगे कहा, अब कोई पीएम नहीं रहता है तो बाद में भी उसे एसपीजी सुरक्षा मिलेगी, ऐसा नहीं चलता।

### केरल में राजनीतिक हत्याओं पर शाह के हमले से लेफ्ट का हंगामा

इस दौरान अमित शाह ने केरल में बीजेपी और आरएसएस कार्यकर्ताओं की हत्याओं के बहाने लेफ्ट पर भी तीखा हमला बोला। इस पर लेफ्ट के सांसद अपनी सीटों पर होकर विरोध जताने लगे। शाह ने कहा, राजनीतिक बदले की भावना के तहत केरल में बीजेपी, आरएसएस के 120 कार्यकर्ता मार दिए, सीपीएम को तो पोलिटिकल वेंडेटा की बात करने का तो हक ही नहीं है। इस पर लेफ्ट के सदस्य विरोध जताने लगे और किसी सदस्य ने यह कहा कि केरल में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता भी मारे गए। इस पर शाह ने कहा कि केरल में सरकार चाहे लेफ्ट की हो या कांग्रेस की, बीजेपी और संघ कार्यकर्ताओं की हत्याएं होती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में मौसम से तेज बदलते थे सीएम: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में जमशेदपुर में आयोजित रैली में प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए का कि झारखंड में उतनी तेजी से मौसम भी नहीं बदलता था, जितनी तेजी के साथ मुख्यमंत्री बदल जाते थे। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा को जिम्मेदार ठहराया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम के अवसरवादी गठबंधन को यहां की स्थिरता रास नहीं आती इसलिए वे लोग यहां एक अस्थिर व्यवस्था चाहते हैं।

### जमीयत ने ऐडवोकेट राजीव धवन को अयोध्या केस से हटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अयोध्या। अयोध्या विवाद में मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश होने वाले ऐडवोकेट राजीव धवन को जमीयत उलेमा–ए–हिंद ने इस मामले से हटा दिया है। सोमवार को जमीयत द्वारा दाखिल की गई पुनर्विचार याचिका में राजीव धवन को वकील नहीं बनाया गया है। राजीव धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इस बारे में बताया है। राजीव धवन के मुताबिक, अरशद मदनी ने संकेत दिए हैं कि मुझे खराब स्वास्थ्य के कारण हटाया गया है। यह पूरी तरह से बकवास है।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चंद्रयान-2 के लैंडर का मलबा दिखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### नासा ने उपग्रह की तस्वीर जारी की

बेंगलुरु। चांद की सतह पर इस साल सितंबर में दुर्घटनाग्रस्त हुए चंद्रयान 2 के विक्रम लैंडर के मलबे को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने ढूंढ निकाला है। मंगलवार सुबह नासा ने अपने एलआरओ द्वारा ली गई एक तस्वीर जारी की है, जिसमें विक्रम लैंडर से प्रभावित जगह नजर आ रही है। नासा ने एक बयान जारी कर कहा है कि चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर मिल गया है। तस्वीर में नीले और हरे डॉट्स के माध्यम से विक्रम लैंडर के मलबे वाला क्षेत्र दिखाया गया है।

नासा ने अपने बयान में कहा है कि उसने 26 सितंबर को क्रैश साइट की एक तस्वीर जारी की थी और लोगों को विक्रम लैंडर के संकेतों की खोज करने के लिए बुलाया था। इसके बाद शनमुगा सुब्रमण्यन नाम के एक व्यक्ति ने मलबे की एक सकारात्मक पहचान के साथ एलआरओ परियोजना से संपर्क किया।